चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
कृषि विज्ञान केन्द्र, मण्डकौला
नीलामी सूचना

कमांकःके.वी.के./एम.के.एल./2024/ दिनांकः–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मण्डकौला में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अर्न्तगत नर्सरी स्थापना हेतू लगाये गये बाग के निम्नलिखित फल वृक्षों के फल (जिसके तहत लगभग दो एकड़ बाग में पौधों की लाईनों के बीच खाली जमीन पर सब्जियां/फूलों की काश्त करने की अनुमति भी होगी) की वर्ष 2024–25 (20.11.2024 से 31.03.2025) के लिए नीलामी दिनांक 20.11.2024 खुली बोली द्वारा की जानी थी; वह प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दी गई थी। अब उपरोक्त नीलामी दिनांक 28.11.2024 दिन बहृस्पतिवार को सुबह 11.30 बजे की जाऐगी। इच्छुक व्यक्ति या पार्टी किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 9.00 बजे से सायं 4.30 बजे तक वरिष्ठ संयोजक की पूर्व अनुमति से बाग का निरीक्षण कर सकते है। बोली लगाने वाले व्यक्ति या पार्टी को बोली लगाने से पहले 2000/– रुपये धरोहर राशि के रुप में कार्यालय में जमा कराने होगें; जिसके बिना बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। बोली स्वीकृत होने पर उच्चतम बोलीदाता को बोली की कुल राशि का एक तिहाई (पहली किस्त जिसमें धरोहर राशि समायोजित कर दी जाएगी) तुरन्त जमा करानी होगी वरना बोली रद्द कर दी जाएगी व धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। शेष राशि दो बराबर किस्तों में (15.12.2024 और 15.02.2025) जमा करानी होगी। असफल बोलीदाता को उसकी धरोहर राशि वापिस कर दी जाएगी।

नीलामी से संबंधित अन्य नियम व शर्तें बोली के समय मौके पर ही सुना दी जाऐंगी।

Sd-
वरिष्ठ संयोजक

पृष्ठांकन न0.के.वी.के./एम.के.एल./2024/554 दिनांकः– 21/11/24

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित हैं।

1. निदेशक शिक्षा विस्तार, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
2. निदेशक अनुसंधान, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
3. विभागाध्यक्ष, उद्यान विभाग, चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
4. क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, बावल
5. सभी वरिष्ठ संयोजक, कृषि विज्ञान केन्द्र (हरियाणा राज्य)
6. **Computer Section, COBS&H, CCSHAU, Hisar for uploading the same on the University website for wide publicity.**

21/11/24
वरिष्ठ संयोजक